Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार **सच का साथी** दिनांक 15-04-2023 अंक 541

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### विषपान से महिला गंभीर, रेफर

**अपेम लाइव : बरही**

चौपारण थाना क्षेत्र अंतर्गत बछई निवासी रोहित कुमार की 20 वर्षीय पत्नी काजल कुमारी ने घरेलू विवाद के कारण विषपान कर लिया जिससे वह गंभीर हो गई। जानकारी मिलने पर परिजनों के सहयोग से पीड़िता महिला को बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

### बनवारी साहू महाविद्यालय का मना स्थापना दिवस




**अपेम लाइव : लातेहार**

लातेहार : जिला मुख्यालय स्थित बनवारी साहू महाविद्यालय का शनिवार को स्थापना दिवस मनाया गया।ज्ञात हो कि महाविद्यालय के 39 पूरे हो गए महाविद्यालय की स्थापना बनवारी साहू की धर्म पत्नियां तेतरी कुंवर एवं पारो कुंवर के द्वारा 39 वर्ष पुर्व स्थापित किया गया था।इस अवसर पर उनके पुत्र कृष्णा प्रसाद गुप्ता एवं पुत्र वधू अंजू गुप्ता के द्वारा महाविद्यालय में स्थापित प्रतिमा मैं श्रद्धा सुमन अर्पित की गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रदीप कुमार तिवारी, व्याख्याता, लिपिक, आदेशपाल सहित महाविद्यालय के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### आंगनबाड़ी केंद्र का मुखिया ने किया उद्घाटन



**अपेम लाइव : बिरनी**

बिरनी प्रखण्ड क्षेत्र के ग्राम पंचायत सिमराढाब के आंगनबाड़ी केंद्र भवन प्रखण्ड परिसर में बना हुआ था जिसे मुखिया दिलीप रविदास ने शनिवार को केंद्र का विधिवत नारियल फोड़कर व फीता काटकर उद्घाटन किया । बता दें कि इससे पूर्व मध्य विद्यालय सिमराढाब में ही आंगनबाड़ी केंद्र चलता था । सेविका संगीता देवी ने बताया कि कमरा कम होने के कारण बच्चों को परेशानियों का सामना करना पड़ता था और विभाग ने इस जरूरत को देखते हुए नए भवन का निर्माण कराया तथा आज उद्घाटन किया गया । इस अवसर पर सहायिका बबिता देवी,वार्ड सदस्य सीताराम तूरी,गुरुदेव प्रसाद,उत्तम कुमार साव,छत्रधारी दास,मुकेश मोदी आदि लोग उपस्थित थे ।

APEM LIVE NEWS सच का साथी

# 10 वर्षीय बच्ची का संदेहास्पद स्थिति में शव बरामद

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**

लातेहार : जिले के चंदवा थाना क्षेत्र में 10 वर्षीय एक बच्ची का शव संदेहास्पद स्थिति में बरामद किया गया।बच्ची का शव उसके घर से लगभग 100 मीटर दूर पर पड़ा हुआ था।ऐसी आशंका जताई जा रही है कि दुष्कर्म के बाद बच्ची की हत्या कर उसके शव को वहां फेंक दिया गया है।हालांकि पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।परिजनों के अनुसार बच्ची शुक्रवार की रात से ही अपने घर से गायब हो गई थी। परिजनों ने बताया कि काफी खोजबीन की गई, लेकिन उसका कोई अता पता नहीं चल पा रहा था।वहीँ शनिवार को कुछ ग्रामीणों ने गांव से थोड़ी दूर पर स्थित एक पेड़ के नीचे बच्ची का शव पड़ा हुआ देखा। सूचना मिलने के बाद बच्ची के परिजन भी वहां पहुंचे। इसके बाद ग्रामीण की भीड़ जमा हो गई। बाद में घटना की जानकारी चंदवा पुलिस को दी गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस इंस्पेक्टर अमित कुमार गुप्ता के नेतृत्व में पुलिस की टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और मृतक बच्ची के शव को कब्जे में ले लिया। बताया जाता है कि बच्ची चौथी क्लास की छात्रा थी। ग्रामीणों ने कहा कि ऐसा प्रतीत हो रहा है कि बच्ची के साथ दुष्कर्म कर उसकी हत्या कर शव को इस स्थान पर फेंक दिया गया है।हालांकि इस संबंध में पुलिस इंस्पेक्टर अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि पुलिस हर पहलू को ध्यान में रखकर जांच कर रही है।फिलहाल पुलिस ने मृतक शबच्ची के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया है। घटना के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द मामले का उद्भेदन करते हुए हत्यारे को कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाए।



# एनडीडी के लिए बुलाए गए बीएलटीएफ की बैठक से नदारद रहे प्रमुख, उप प्रमुख, 20 सूत्री अध्यक्ष व विधायक प्रतिनिधि

## 20 अप्रैल को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर 99306 बच्चों को कृमि दवा खिलाने का लक्ष्य

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**

आगामी 20 अप्रैल को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस को लेकर प्रखंड कार्यालय के सभागार में बीएलटीएफ़ की बैठक हुई। बैठक में प्रमुख, उप प्रमुख, 20 सूत्री अध्यक्ष एवं विधायक प्रतिनिधि नदारद रहे। जबकि उक्त सभी लोग बीएलटीफ के पदेन सदस्य होते हैं। साथ ही 130 स्कूल में से मात्र दो स्कूल के प्रतिनिधि बैठक में मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी सी.आर. इंदवार एवं संचालन डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी ने किया। बैठक में आगामी 20 अप्रैल को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर चलाए जाने वाले कार्यक्रम पर चर्चा की गई। डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी ने बताया की 20 अप्रैल को बरही एवं पदमा प्रखंड में संचालित सभी आंगनबाड़ी केंद्र एवं स्कूलों में कृमि का दवा अल्बेंडाजोल टैबलेट खिलाया जायेगा। इस कार्यक्रम के तहत प्राप्त आंकड़ों के अनुसार कुल एक साल से 19 साल तक के कुल 99306 बच्चों को कृमि की दवा खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। दवा सेवन की तरीका की जानकारी देते हुए डॉ ज्ञानी ने कहा की एक साल से दो साल तक के बच्चो को अल्बेंडाजोल की आधा गोली पीसकर खिलानी है। वही दो साल से अधिक उम्र के बच्चों को एक गोली चबा चबा कर खाना है। इस दवा का कोई भी साइड इफेक्ट्स नही है। फिर भी किसी प्रकार की दिक्कत होने पर मेडिकल टीम से संपर्क कर सकते हैं। । मौके पर सीडीपीओ नीलू रानी, सुनीता कुमारी, कुमारी निभा, संजय कुमार दुबे, गणेश कुमार दास, मनोज कुमार यादव, असलम अली, नवलकीशोर सिंह, मथुरा प्रसाद, रामचंद्र कुमार, बीपीएम नारायण राम, सुधांशु शेखर सिन्हा एवं संतोष कुमार मौजूद रहे।



# पौधारोपण : युवाओं ने पौधारोपण कर बचाने का लिया संकल्प








**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही प्रखंड अंतर्गत रसोइया धमना पंचायत के लसकरी के छोटे – छोटे बच्चों ने वृक्षारोपण कर उसे बचाने का संकल्प लिया। साथ ही उन्होंने बताया की वृक्ष हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है और स्वच्छ पर्यावरण और पृथ्वी पर पर्यावरण संतुलन बनाए रखने ले लिए बहुत आवश्यक है। स्वेच्छिक रूप से वृक्षारोपण कर वृक्षारोपण अभियान को सफल करने का आवाहन किया और साथ ही जोर दिया की वृक्षों को लगाने के साथ – साथ इनकी रक्षा भी करनी होगी। ज्ञात हो की एक वर्ष पूर्व लस्करी के युवाओं ने दर्जनों फलदार वृक्ष लगाया था। जिसका देख – रेख लगातार पिछले वर्षो से कर रहे है। साथ ही जानवरों से सभी वृक्षों को बचाने के लिए निजी खर्च से पेड़ के चारो और जाली भी लगाए है। सोनू पंडित ने बताया की इन आपदाओ को कम करने के लिए वृक्षारोपण जरूरी है। पर्यावरण को बचाने के लिए हर नागरिक को एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए ताकि पृथ्वी पर सांस्कृतिक संतुलन बना रहे। साथ ही साथ उन्होंने बताया की यहां का वातावरण काफी शुद्ध और स्वच्छ है। इस प्राकृतिक वातावरण को बचाए रखने के लिए वृक्षारोपण अवश्य करनी चाहिए। अगर समय रहते ही प्राकृतिक को नही बचाया गया तो आने वाले दिनों में पृथ्वी पर निवास करने वालों को जल एवं वायु संकट से जूझना पड़ेगा अतः प्राकृतिक को बचाने के लिए आम लोगों को प्राकृतिक की रक्षा करने के लिए जागरूक करना चाहिए। वहीं इस वृक्षों के रक्षा के लिए अमन कुमार, हिमांशु कुमार, पवन कुमार, राहुल कुमार, सूरज कुमार एवं मनीष कुमार हमेशा तत्पर रहते है।

APEM LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## माओवादी बंदी के दुसरे दिन भी वीरान रही सड़कें

**अपेम लाइव : लातेहार**
**मो.रुस्तम**



महुआडांड़/लातेहार : महुआडांड़ प्रखंड में दूसरे दिन भी माओवादियों बंदी का मिला जुला असर रहा। जिला परिषद के बस स्टैंड में लम्बी दूरी की यात्री बसे खड़ी रही। सरकारी कार्यालय, पेट्रोल पंप एवं बैंक खुले रहें। वही मेडिकल स्टोर को छोड़कर बाकि सभी दूकाने बंद रही।दूसरी पहर गांव से जब सब्जी लेकर महिलाएं बाजार पंहुची तो कुछ दूक. ानदारो ने अपनी दूकान खोला।हालकी शाम छह बजे के बाद सभी दूकान खोल दिया गया।ज्ञात हो कि पवित्र रमजान का महीना चल रहा है। जहा दूकाने बंद होने के कारण लोगों को रोजमर्रा की ची. जों की जरूरत होती है। बंद को लेकर सामग्री नहीं मिलने के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।इस दौरान पुलिस चौक चौराहे पर तैनात रही । महुआडांड़ थाना प्रभारी आशुतोष यादव ने बताया कि माओवादी बंदी को लेकर पुलिस पूरी तरह से अलर्ट रही है।

## बदिया जवाड में बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत कोल्हुआकला पंचायत के ग्राम बदिया जवाड में संविधान निर्माता डॉक्टर बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की 132 वीं जन्मोत्सव को बड़ी धूमधाम से मनाई गई। जहां मुखिया प्रतिनिधि रवि यादव, बिरजू पासवन, चंदन कुमार, समाजसेवी रामानंद यादव सहित कई अन्य लोग शामिल हुए। सभी ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात गांव के छोटे - छोटे बच्चो द्वारा नृत्य संगीत प्रस्तुत किया गया। जिसे देखकर ग्रामीण मंत्रमुग्ध हो गए। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि रवि यादव, चन्दन कुमार, समाजसेवी विरजु पासवान, रामानंद यादव, राजेश यादव, ब्रह्मदेव यादव, रामस्वरूप यादव, गुलाब पासवान, रंजन दास, कुंदन दास, सुनील दास, नरेश चौधरी, मुन्ना दास, बंटी दास, पवन दास, गुलाम अंसारी, सत्यनारायण मोदी, प्रभु यादव, सूरज पासवान, सुजीत पासवान, किशोर पासवान, सुरेंद्र पासवान, रामकृष्ण दास, रघु पासवान, राजकुमार दास, विनय यादव, बंटी यादव, पंकज, सियालाल पासवान, तेजो पासवान, सुनीता देवी, कुंती देवी एवं चमेली देवी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## पूर्व विधायक ने पवई में जागरण मंच का किया उदघाटन

### भक्ति में शक्ति होती है और शक्ति से ही सबका कल्याण होता है : मनोज यादव

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



पवई निवासी अशोक सिंह, कृष्णा सिंह व बहादुर सिंह के सौजन्य से आयोजित भक्ति जागरण मंच का पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने फीता काटकर शुभारंभ किया। परिजनों के गंगा सागर तीर्थ से लौटने के खुशी में जागरण का आयोजन किया गया था। धनबाद से आये कलाकारों ने अपनी प्रदर्शन से उप. स्थित लोगों को खूब झुमाया। इससे पूर्व आयोज. को ने पूर्व विधायक सहित अन्य अतिथियो का माला पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि भक्ति में शक्ति होती है और शक्ति से ही सबका कल्याण होता है। कहा भगवान को पाने के एकमात्र रास्ता भक्ति है। कहा भगवान की कृपा सदैव अशोक सिंह, बहादुर सिंह, कृष्णा सिंह आदि परिवारों पर बनी रहे। मालूम हो कि अशोक सिंह की माता जी व कृष्णा सिंह के दादी जी सहित गाँव के अन्य कई लोग गंगा सागर तीर्थ से लौटे थे। इस दौरान पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, प्रमुख प्रतिनिधि उदय राणा व पाण्डेयबारा पंचायत के पूर्व मुखिया अनिल पांडेय ने भक्तिमय प्रस्तुति से सबको मोहित किया। मंच का संचालन समाजसेवी अशोक सिंह ने किया। मौके पर जीप सदस्य राकेश रंजन, मुखिया संघ अध्यक्ष बिरेन्द्र रजक, पूर्व अध्यक्ष राजदेव यादव, समिति सदस्य सहदेव प्रसाद यादव, अशोक यादव, समाजसेवी रामविलाश चन्द्रवंशी, रामचन्द्र सिंह, सुनील सिंह, बिरेन्द्र चन्द्रवंशी, अनिल दास, सहित अन्य उपस्थित रहे।

## ज्ञानोदय विकास स्कूल में सफल हुए बच्चों को किया गया पुरस्कृत

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**




बड़कागांव भगवान बागी मार्ग स्थित ज्ञानोदय विकास स्कूल में बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती मनाई गई। सचिव सिकंदर सोनी एवं प्राचार्य रियासत हसन ने बाबा साहब की तस्वीर पर संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम के दौरान परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को शील्ड देकर प्रोत्साहित किया गया। विद्यालय के सचिव सिकंदर सोनी ने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने कमजोर व पिछड़े वर्ग के अधिकारों के लिए पूरा जीवन संघर्ष किया। प्राचार्य रियासत हसन ने कहा कि डॉ. भीम. राव अम्बेडकर का जो नारा था संगठित हो, शिक्षा पाओ और अपने अधिकार के लिए सदैव संघर्ष करो । उनके बताये रास्ते पर हमें सदैव चलने का प्रयास करना चाहिए। मौके पर विद्यालय के सचिव सिकंदर सोनी, प्राचार्य रियासत हसन, उप प्राचार्य अरुण कुमार भारती, लालदेव महतो, ईश्वर दयाल, राजू राणा, अनामिका कुमारी, कुलदीप राणा, अर्सला नाहिद, अनिता कुमारी, सौरभ कुमार रंजन, राजेश गुप्ता, अविनाश कुमार, मीना कुमारी, साबियाप. रवीन, रिंकी कुमारी,वीना कुमारी, मुनाजिर आलम, आशीष कुमार, अंशु कुमारी के अलावा सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## मॉर्निंग वॉक पर निकले युवक का सड़क दुर्घटना में मौत

### बेटी का राँची में एडमिशन करवा कर कल ही लौटे थे कृष्णा केशरी, घर मे मातम का माहौल

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**



सुबह सुबह चौपारण के लिए एक बुरी खबर आया जब अहले सुबह सड़क दुर्घटना में एक युवा व्यावसायी के मौत की खबर सुनने को मिला। पिछले कई वर्षो से म०र्निंग वॉक पर निकल रहे चौपारण निवासी कृष्णा प्रसाद केशरी के घर वालो को क्या पता था कि आज की सुबह उनकी अंतिम मोर्मिंग वाक होगा। बताया जाता है कि रोज की तरह कृष्णा उम्र 41 वर्ष पिता रामजी केशरी सुबह 4 बजे उठकर मॉर्निंग वॉक पर निकला। घर से निकलकर चतरा रोड से महज कुछ दूरी ब्राहिल पुल के समीप अज्ञात वाहन अपने चपेट में ले लिया। सुबह जब अन्य लोग जब मॉर्निंग वॉक के लिए जा रहे थे तो दुर्घटनाग्रस्त युवक को देखकर लोगों का भीड़ जुट गया। आनन फानन में युवक को चौपारण हॉ. स्पिटल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना मिलते ही व्यावसायियों में शोक की लहर दौड़ पड़ा वही घर मे मातम का माहौल बन गया। मृतक कृष्णा खीरमोहन के व्यावसाय से जुड़े थे। बतादें दे कि कृष्णा प्रसाद केशरी अपने पीछे एक पुत्री व दो पुत्र छोड़ चल बसे। इधर घटना की सूचना मिलते ही घटना स्थल पर पहुँचे चौपारण पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अन्तरपरिक्षण के लिए हज़ारीबाग़ भेज दिया। देर शाम मृत्तक के पार्थिव शरीर को अग्नि संस्कार कर दिया गया था।






सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

# गौरियाकर्मा में दो दिवसीय बाबा साहब की जयंती महोत्सव का अयोजन, सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

## दूसरे दिन बच्चो के बीच क्विज, खेलकूद प्रतियोगिता का अयोजन, बेहतर प्रदर्शन वाले प्रतिभागी पुरस्कृत

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

डॉ भीमराव अंबेडकर क्लब गौरियकरमा के द्वारा दो दिवसीय बाबा साहब भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती महोत्सव का आयोजन गौरियाकर्मा में किया गया। कार्यक्रम प्रथम दिन कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एडिशनल कलेक्टर राकेश रौशन, विशिष्ट अतिथि एसडीपीओ नाजिर अख्तर , देवेंद्र कुमार दास एस्कुटीव मजिस्ट्रेट , आईसीएआर के निदेशक विशलनाथ पांडेय, जिला परिषद सदस्य मंजू देवी , सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव , मीरा कुमारी मुखिया पंचायत गौरियकरमा ने संयुक्त रूप से बाबा साहब के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया। प्रथम दिन गीत संगीत कार्यक्रम हुए। बाबा साहब अम्बेडकर के जीवन एवं संविधान निर्माण में उनके योगदान को चर्चा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष राजेंद्र राम एवम संचालन सचिव तुलसीदास ने किया। प्रथम दिन 14 अप्रैल को संस्कृति कार्यक्रम के लिए प्रसिद्ध गायिका रौशनी राजधानी , विकास कुमार ,पंकज कुमार दास , जितेन्द्र पांडेय ,राहुल पंडित ,मन्नू ,अनिल देव म्यूजिशियन सेट के साथ दिन भर रंगा. रंग कार्यक्रम से महफ़िल सजा रहा । कजरा एवं पिंडार कोन से जुलुश के शक्ल में सैकड़ो लोग कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम के दूसरे दिन 15 अप्रैल को बच्चों के बीच क्विज प्रतियोगिता, डान्स प्रतियोगिता, चेयर रेस ,क०मेडी ,संगीत प्रतियोगिता जैसे कार्यक्रम आयोजित किया गया । इसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वालो को कमिटी की तरफ से पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया । 15 अप्रैल को ही शाम में झांकी 3 बजे निकाला गया और रात 10 बजे तक चला । कार्यक्रम में राजन ओम मुखिया प्रतिनिधि,रविकांत ओम, बिशेश्वर यादव मुखिया प्रतिनिधि केदारुत पंचायत, भारतीय बौद्ध माह सभा के प्रदेश अध्यक्ष शिक्षाविद दिनेश कुमार बौद्ध ,मनोज कुशवाहा पूर्व मुखिया पंचायत गौरियाकरमा, उप मुखिया प्रीति कुमारी, समाजसेवी


कार्यक्रम का उद्घाटन करते अतिथि


कार्यक्रम में उमड़ी भीड़

दुलार प्रसाद यादव, डॉ सुनील कुमार यादव शिक्षाविद, शंकर राम प्रखंड अध्यक्ष रविदास महासभा बरही, निर्मल कुमार दास,अशोक कुमार दास,अनिल राम,,मनोज कुमार, सतीश कु0 दास शिक्षक,प्रकाश दास,परमेश्वर राम,किशोर दास, महेंद्र दास, लालू दास, अनुज दास, दिनेश दास, अजय दास, शैलेन्द्र दास,विवेक कुमार दास, बिजय रविदास, अजित दास, कुलदीप दास, सुबोध दास, राजेश दास, रंजीत दास, सुरेन्द्र दास, प्रमोद दास, सुरेश दास, मुकेश दास, गोविंद दास, अमित दास ,किशोर दास ,संतोष दास,दिवाकर कुमार , रितेश कुमार , गौरियकरमा से रामप्रकाश चौधरी ,महेश पांडेय , नरेश पांडेय ,सोनू पांडे,नागेश्वर यादव,वीरेंद्र यादव, विकाश यादव,विष्णुदयाल यादव,दिल. चंद मेहता,दिलीप पासवान, प्रदीप चौधरी,मुकेश चौधरी शिक्षक, संजय विश्वकर्मा, मो0 सेराज,धोबियाटांड से बाबूलाल कुशवाहा, सुरेंद्र वर्मा,संजय वर्मा,विजय कुशवाहा,गौरिया से सकलदेव पांडेय हाकिम अंसारी,दिनेश पंडित,लखन ठाकुर,प्रकाश विश्कर्मा, निचितपुर से भूलन पासवान,धनपली पासवान, लालन रवानी,जितेंद्र रजक,बिनोद भुइयाँ फुटन भुइयाँ ,कुलेन भुइयाँ नागेश्वर पासवान, आशीष पासवान रामसेवक पा. सवान,नारायण भुइयाँ, रामदेव भुइयाँ,विजय भुइयाँ,मंधनिया से बालेश्वर भुइयाँ ,चौपारण बृंदा से मनोज अम्बेडकर, अयोध्या दास, मलकोको से गुलाब दास, सूरज अम्बेडकर, शंकर दास, सलहरा से बिजय दास शिक्षक ,अजय दास, करसो से राजू राम,खेरौंन से मनोज सिंह ,कैलाश गोप, उदय शंकर मंडल सहित गौरयाकरमा, कजरा पिण्डारकोंन, गौरिया ,निचितपुर, बितकीला, बनगाँवा, मंधनिया, पुरहरा, सलहरा , बरही, करसो से हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। दो दिनों तक चले इस कार्यक्रम को सफल बनाने में ड० भीम. राव अंबेडकर क्लब के अध्यक्ष राजेंद्र राम, सचिव तुलसी कुमार दास, कोषाध्यक्ष संतोष कुमार दास संयोजक– डॉ जयप्रकाश आनंद (प्रोफेसर) , संजय कुमार दास, विजय कुमार दास (शिक्षक), उपाध्यक्ष महेश राम, उप सचिव हीरालाल कुमार दास, बिनोद कु0 दास,शिवकुमार दास,अरुण कु0 दास शिक्षक, मोनिका दास शिक्षक, आनुभा दास शिक्षक, संजीत कुमार दास,मुरली कुमार दास, किशुन कुमार दास,विजय कुमार दास,अजय कु दास(पु), शिव कुमार दास,अनुज कुमार दास एडवोकेट, प्रीतम कु0 दास,बरुन कु0 दास,पंकज कु (पु),विजय कुमार दास, विश्वनाथ कुमार दास,लखन राम,गौतम दास,नारायण राम, उपेंद्र कुमार,पंकज दास,रंजन दास,मनोज कुमार,सुनील कुमार दास, प्रकाश आंबेडकर,अनुज कुमार दास, राजेश कुमार, शिवदयाल दास,विक्रम कुमार दास,राकेश दास,कारण दास,सूरज दास,छोटू कुमार,बबलू कुमार,संजीत कुमार,उदय दास,सतीश दास,अमित दास,हरेंद्र कुमार,बबलू कुमार,भारत दास, सागर दास,दिनेश दास, अनीश दास,बासुदेव कुमार,सन्नी कुमार,घर्मेंद्र,कौशल,लालन का योगदान सराहनीय रहा।




## कुटमु में आम राहगीरों के लिए शुरू हुआ पनशाला

**अपेम लाइव : लातेहार**
**सनी वर्मा**



बरवाडीह/लातेहार : बरवाडीह प्रखंड अंतर्गत बेतला पंचायत के कुटमु मोड़ में समीप शनिवार को युवा समाजसेवी दीपक गुप्ता के द्वारा बढ़ती गर्मी को देखते हुए आम राहगीरों के लिए माता गिरजा देवी स्मृति पनशाला की शुरुआत की गई ।पनशाला विधिवत उद्घाटन प्रखंड के पश्चिमी क्षेत्र की जीप सदस्य संतोषी शेखर के द्वारा फीता काट कर किया गया ।इस अवसर पर जीप सदस्य ने बताया की मानव सेवा से बड़ी कोई सेवा नहीं है और खासकर इस प्रचंड गर्मी और धूप में राहगीरों के लिए पीने का पानी मुहैया कराना सबसे बड़ा मानव धर्म है जो हमारे क्षेत्र के युवा समाजसेवी दीपक गुप्ता प्रत्येक वर्ष करते आ रहे हैं । वही दीपक प्रसाद ने कहा की मानव सेवा करना मेरे जीवन का शुरू से लगाव रहा है जिसके तहत प्रत्येक वर्ष पनशाला खोलने के साथ–साथ अन्य माध्यमों से भी मानव सेवा करने का पूरा प्रयास करता रहता हूं । मौके पर पूर्व मुखिया संजय सिंह पूर्व उप मुखिया जय प्रकाश रजक, मधेश्वरी सिंह रामचरित्र सिंह ग्राम प्रधान छेदी लाल साव , उमेश बैठा उमेश प्रसाद विक्रम गुप्ता चंदन गुप्ता अखिलेश कुमार विवेक कुमार सोनम कुमार समेत काफी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे ।



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## सरस्वती विद्या मंदिर लातेहार में कवि सम्मेलन का आयोजन

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**



लातेहार : शहर के धर्मपुर स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य ओंकारनाथ सहाय ने भारत माता की तस्वीर के सामने दीप प्रज्वलित कर किया। श्री सहाय ने कवि सम्मेलन के महत्व पर प्रकाश डाला ।उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से छात्र–छात्राओं में साहित्य के प्रति जागरूकता बढ़ती है ।उनमें स्व रचना के प्रति लालसा बढ़ती है ।इस कार्यक्रम में कक्षा – अरुण से पंचम तक के लगभग 70 भैया / बहनों ने भाग लिया। उनमें से कक्षा उदय की बहन आर्या सहाय , कक्षा प्रभात से भैया आर्यन कुमार , कक्षा प्रथम से जय सिंह , कक्षा द्वितीय से बहन गुंजन कुमारी, कक्षा तृतीय से अक्षा प्रवीण, कक्षा चतुर्थ से भैया भानु दुबे और कक्षा पंचम से बहन अंजनी कुमारी, अंजली प्रिया आदि शामिल थे ।इस दौरान सभी भैया / बहनों ने अपने कला का शानदार प्रदर्शन किया ।मौके पर लाल बहादुर राम, शशिकांत पांडे, विजय पाठक, ओंकार नाथ सहाय, राधेश्याम मिश्र, ममता त्रिपाठी, सुरेश ठाकुर, नीलम अंबासट्टा, अभिनय कुंभकार, रेनू गुप्ता, गीता कुमारी गोपाल प्रसाद, रितेश रंजन गुप्ता, धर्म प्रकाश प्रसाद, आलोक कुमार पांडे, फूलचंद सिंह, पूनम गुप्ता, कपिल देव प्रमाणिक, रवि कांत पाठक, राकेश कुमार सिन्हा, रविंद्र कुमार पांडे, दीपक कुमार शर्मा, विकास कुमार गुप्ता, रजनी नाग, श्वेता श्रीवास्तव, प्रवीण यादव, रूपेश सिंह ,अनुजा कुमारी, उपासना कुमारी , शिल्पा पाठक मौजूद रहे।

## आदिम जनजाति गर्भवती महिलाओं के बीच पोषाहार का वितरण

**अपेम लाइव : लातेहार**
**सनी वर्मा**



बरवाडीह/लातेहार : वैदिक सोसाइटी के द्वारा शनिवार को प्रखंड के मंगरा पंचायत सचिवालय में आदिम जनजाति गर्भवती महिलाओं के बीच पोषाहार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जहां इस कार्यक्रम में जिला परिषद के सदस्य संतोषी शेखर के साथ–साथ पंचायत के मुखिया बिपिन बिहारी सिंह ने शिरकत करते हुए चयनित आदिम जनजाति परिवार के 130 लाभार्थियों के बीच पोषाहार वितरण करने का काम किया । संस्था के माध्यम से महिलाओं के बीच 10 किलो चना 5 किलो गुड़ 5 किलो अरहर दाल 2 किलो सोयाबीन और 2 किलो सरसों का तेल देने का काम किया गया । संस्था के ओम प्रकाश तिवारी ने बताया कि आदिम जनजाति परिवार की गर्भवतीमहिलाओं को उचित मात्रा में पोषाहार नहीं मिलने के कारण उनके होने वाले बच्चे कुपोषण का शिकार होते हैं और इस समस्या को दूर करने को लेकर संस्था के माध्यम से पोषाहार की वितरण करने का काम आदिम जनजाति गांव में किया जा रहा है । वही जिला परिषद के सदस्य संतोषी शेखर ने कहा कि आदिम जनजाति परिवारों के बीच जागरूकता का कार्यक्रम चलाना अति आवश्यक है जहां संस्था के माध्यम से कुपोषण को रो. कने को लेकर पोषाहार की वितरण करने का काम किया जा रहा है वहीं उनके बीच जागरूकता को लेकर भी विशेष अभियान चलाने की जरूरत है ताकि कुपोषण या किसी अन्य बीमारी के कारण आदिम जनजाति परिवार के लोगों को परेशानी का सामना ना करना पड़े । मौके पर वार्ड सदस्य भागवत सिंह संगीता कुमारी रंजीत कुमार समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे ।

## रेलवे क्लब में बाबा साहब की जयंती के मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**अपेम लाइव : लातेहार**
**सनी वर्मा**




बरवाडीह/लातेहार : शुक्रवार की देर शाम प्रखंड मुख्यालय के रेलवे क्लब में अ०ल इंडिया एससी एसटी एसोसिएशन के द्वारा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती समारोह का आयोजन किया गया जिसमे बतौर मुख्य अतिथि के रूप में सहायक मंडल यांत्रिक अभियंता विकास शुक्ला ने शिरकत की । कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि के साथ कार्यक्रम में मौजूद रेलकर्मी और उनके परिवार के सदस्यों के द्वारा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की तस्वीर पर पुष्पांजलि और माल्यार्पण करने के साथ दीप प्रज्वलित करके श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया ।इसके बाद रेलवे लो. को पायलट वर्षा कुमारी के द्वारा संविधान की प्रस्तावना का पाठ पढ़ कर मौजूद लोगों को संविधान की रक्षा को लेकर शपथ दिलाई गई । कार्यक्रम के दौरान मौजूद अतिथियों के साथ–साथ अन्य लोगों के द्वारा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जीवनी और उनके विचारों को लेकर समाज में जागरूकता लाने को लेकर विचारों को किया गया । देर शाम तक चले कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया ।जहां यूपी से आए रंजीत आर्य और पूजा कुमारी ने एक से बढ़ कर एक बाबा साहब से जुड़े गीत पेश किया । मौके पर स्टेशन प्रबंधक अनिल कुमार द्विवेदी एसोसिएशन के जीबी माथुर , अरुण कुमार रंजीत कुमार पीके सिंह गुरु प्रसाद अमरकांत गौतम नीतीश कुमार वर्षा कुमारी ए के रजक संतोष कुमार अमन कुमार तबीयत काफी संख्या में रेलकर्मी मौजूद थे ।

## सांसद निधि से सोलर स्ट्रीट लाइट लगाने का कार्य शुरु

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**



लातेहार : जिले के हेरहंज प्रखंड क्षेत्र के सभी मतदान केन्द्रों पर चतरा सांसद सुनील कुमार सिंह के सांसद निधि से सोलर स्ट्रीट लाइट लगाने का कार्य शुरु हो गया है। स्ट्रीट लाइट घूरे,हेरहंज,चुक्कू,इनातू,पूर्णी ,सेरन दाग़,खपिया, समेत कई स्थानों पर लगाया गया। सांसद निधि से लगाए जा रहे सोलर स्ट्रीट लाइट की चकाचौंध रौशनी से ग्रामीणों में ख़ुशी का माहौल है ।घूरे दुर्गा मंडप,बुध बाजार जो लाइट लगने से रात के समय मे दूधिया रौशनी बिखेर रही है। स्थानीय ग्रामीणों ने सांसद का आभार व्यक्त किया है। सांसद प्रतिनिधि रूपेंद्र जायसवाल ने बताया कि सांसद निधि से हेरहंज प्रखंड मे 38 सोलर स्ट्रीट लाइट उपलब्ध कराये गये है ।मंडल अध्यक्ष मनीष जायसवाल ने कहा की प्रखंड के सभी बूथ स्तर और सार्वजनिक स्थलों पर लाइट लगाया जा रहा । मौक़े पर भाजपा कार्यकर्ता रंजन प्रसाद, भाजयुमो अध्यक्ष अवधेश यादव,ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष अरबिंद यादव, सोशल मीडिया प्रभारी हिमांशु रंजन,बिनय वर्मा,देव नंदन प्रसाद,बिहारी गुप्ता,उमेश भुइया, समेत कई लोगो शामिल थे।







दिनांकः 15-04-2023

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर



## भागवत कथा श्रवण मात्र से दूर होता है समस्त पाप : वैदिक सुजाता

**अपेम लाइव : बिरनी**



कई जन्मों का भाग्य होता तब जाकर मनुष्य को भागवत कथा श्रवण करने का सौभाग्य प्राप्त होता है लेकिन लाइ-फलाइन की जिंदगी में मनुष्य अपने आप को पहचानना भूलते जा रहा है। उक्त बातें वृन्दावन से आई बाल कथा वाचिका वैदिक सुजाता किशोरी ने भागवत कथा के दौरान कही। उन्होंने कहा कि जनकल्याण मात्र से ईश्वर ने भागीरथी गंगा को धरती पर भेजा है उसी तरह भागवत रूपी गंगा के श्रवण से ही मनुष्य का जीवन सफल हो जाता है। वैदिक सुजाता किशोरी ने महिलाओं को अपने पति की सेवा करने और उसके फायदे को भी बताया उन्होंने बताया कि पति के सेवा करने से कई ग्रह शांत होते है ओर लक्ष्मी का घर मे वास होता हैं। कहा कि पत्नी की पहचान पति के विपत्ति काल मे होता है कि वो पति से प्रेम करती है या उसके धन से, इस लिए मं. हलाओं को चाहिए कि पति और परिवार का विशेष ध्यान रखें। कथा के दौरान किशोरी ने बच्चों को पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने के साथ-साथ अपने धर्म का ज्ञान रखने का भी उपदेश दिया। बतादें की बाल कथा वाचिका वैदिक सुजाता सरिया क्षेत्र के फ़कीरापहरी गांव की रहने वाली है।

## शार्ट सर्किट में झुलसे बच्चे का ईलाज के क्रम में मौत पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे बगोदर पूर्व विधायक नागेंद्र महतो

**अपेम लाइव : बिरनी**



बिरनी प्रखंड अंतर्गत ग्राम-पलौंजिया निवासी द्रौपदी देवी एवं 2 वर्षीय आयुष कुमार को प्रखंड मुख्यालय के नजदीक पलौंजिया बाजार स्थित फल दुकान में बीते 27 मार्च को अचानक 11 हजार वोल्टेज तार में श०र्ट सर्किट होने से मां बेटे झुलस गया था जिसके बाद धनबाद रेफर कर दिया गया था जिसका इलाज अशर्फी ह०स्पिटल में चल रहा था। एक सप्ताह के बाद दोनों को डिस्चार्ज कर दिया गया। जिसके बाद पुनरू बच्चे की हालात बिगड़ने के बाद रानी चिल्ड्रन हॉस्पिटल भर्ती कराया गया, जिसके इलाज के क्रम में बच्चें की मौत हो गई थी। जिसकी सूचना पाकर पीड़ित परिवार के आवास पहुंचे बगोदर पूर्व विधायक नागेंद्र महतो पीड़ित परिवार से मिलकर ढाढस बंधवाया हर संभव मदद कर भरोसा दिए। मोके पर माहजूद छत्रधारी रविदास,राजू विश्वकर्मा, बालेश्वर साव, किशुन राणा, पंकज यादव,श्रवण कुमार,पंकज साव, सहित अन्य लोग उपस्थित रहें




## हनुमत यज्ञ को लेकर ध्वजारोहण शामिल हुए विधायक व पूर्व विधायक





**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनील कुमार**

बरकट्ठा प्रखंड के ग्राम पैसरा में हनुमान मंदिर में 6 मई से 14 मई तक श्री श्री 108 श्री मारुति नन्दन सह रामचरित मानस महायज्ञ और प्राण प्रतिष्ठा को लेकर हनुमान पताका का ध्वजारोहण किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि विधायक अमित कुमार यादव समेत विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, जिला परिषद सदस्या कुमकुम देवी , बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप कुमार प्रसाद ने हनुमत झांकी की अगुवाई की मौके पर विधायक अमित कुमार यादव ने कहा यज्ञ व पूजा आयोजन से क्षेत्र में सुख शांति व संपन्नता अति है ग्रामीणों के द्वारा इस भव्य आयोजन के लिए बधाई इस दौरान ग्रामीणों ने गाजे-बाजे के साथ नगर भर्मण यात्रा निकाली। इसमे बड़ी संख्या में बच्चे, , युवक, युवतियां, महिलाओं और पुरुषों ने हिस्सा लिया। साथ ही ग्रामीणों ने यज्ञ की समाप्ति तक पूरे गाँव में मांस-मदिरा, शराब का सेवन नहीं करने का संकल्प लिया। मौके पर मुखिया चिंता देवी, पूर्व मुखिया अशोक रविदास, वार्ड सदस्य सुरेश प्रसाद, आशा कुमारी,शंकर दयाल प्रसाद, द्वारिका महतो, त्रिभुवन प्रसाद, भीमलाल प्रसाद, महेंद्र सिंह,, भीखन यादव, बबुनी महतो, लेखराज महतो, चुरामन महतो, बैजू महतो, किशुन महतो ,जितेंद्र प्रसाद, अशोक ठाकुर, अंगलाल ठाकुर, धर्मचन्दी यादव, जिबलाल यादव दिनेश यादव, दिनेश यादव, विनय शर्मा, पुरुषोत्तम कुमार, टुकलाल महतो, टिपलाल प्रसाद, नरेश कुमार, राजकुमार रविदास, गांगो महतो, महेंद्र रविदास, महेश महतो, रामचंद्र प्रसाद , मुनिया देवी, माला कुमारी, गीता देवी, कलावती कुमारी, कुमारी वीणा, विमला देवी, गौरवा देवी, सोहवा देवी, मधुरा देवी, देवंती देवी, फुलवा देवी समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## बेला में इफ्तार पार्टी का आयोजन, पूर्व जीप प्रतिनिधि मो कयूम हुए शामिल

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत कोलहुआकला पंचायत के ग्राम बेला में कलीम उद्दीन एवं पूर्व पंचायत समिति सदस्य के सौजन्य से इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इस इफ्तार पार्टी में पूरे पंचायत के अलावा अगल बगल पंचायत के रोजेदारों ने बेला मस्जिद के समीप रोजा खोला। इस अवसर पर मुख्य रूप से अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति अध्यक्ष मो कैयूम, सामाजिक कार्यकर्ता पप्पू खान, निसार अहमद, इम्तियाज खान, रफीक अंसारी, सलीम अंसारी, रहमान अंसारी, महबूब अंसारी, कलीम अंसारी, जलील मियां, जमाल मियां आदि उपस्थित रहें।

## डॉ भीमराव अंबेडकर की 132 वीं जयंती मनाई गई

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनील कुमार**




बरकट्ठा 14 अप्रैल को बरकट्ठा प्रखंड के ग्राम झिंगीबराई में ग्रामीणों ने डा० भीमराव अंबेडकर की 132वीं जयंती बड़े धूमधाम से मनाया । मुख्य अतिथि विधायक अमित कुमार यादव ने दीप प्रज्वलित एवं बाबा साहेब के तस्वीर पर पुष्पार्पण कर समारोह का शुरुआत किया। सभा का संचालन कर रहे छोटीलाल रविदासने किया मुख्य अतिथि विधायक अमित यादव ने बाबा साहेब के जीवनी एवं संविधान के रचना के बारे में लोगों को बारीकी से बताये। पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने अपने संबोधन में कहा कि बाबा साहेब इतने विद्वान थे कि इन्हें विदेशों में भी चर्चा की जाती है जिला परिषद सदस्या मति कुमकुम देवी ने भी बाबा साहेब के जीवनी को बताई। जिला परिषद सदस्य महादेव राम ने भी सभा को सम्बोधित किया समारोह में मुख्य रूप से मुखिया कलावती देवी,,छोटीलाल मेहता, शिक्षक अरविंद प्रसाद, शिक्षक शशिभूषण प्रसाद, यमुना साव(प्रधानाध्यापक), भोला प्रसाद, हीरालाल प्रसाद, किशुन राम, अनिल आजाद,उपेंद्र शर्मा, प्रमोद रविदास(भीम आर्मी अध्यक्ष बरकट्ठा), लखन रविदास, प्रदीप मंडल प्रकाश सिंह,भोपुल सिंह, प्रयाग सिंह, मनिया देवी,किशुन पंडित आयोजक मंडली रोहित कुमार ,जुगेश्वर दास(पूर्व वार्ड सदस्य),राहुल दास, बालगोविन्द दास, शक्ति दास, दिवाकर सिंह, दीपक दास, डेगलाल दास, यमुना दास, अजय दास, दुलारचंद दास, सचिन दास गुलाब दास एवं समस्त ग्रामीण मौजूद थे।




डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार